न्यूज 1 नजर में

मंत्री जगत नेगी आज बिलासपुर दौरे पर

बिलासपुर। राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी अपने एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को बिलासपुर आएंगे। बागवानी मंत्री एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत बिलासपुर जिला के मझड़ क्लस्टर में जल उपभोक्ता सामूहिक भवन का उद्घाटन कर लोगों को समर्पित करेंगे।

कोटलू ब्राह्मणा में बुजुर्ग के साथ मारपीट

घुमारवीं। घुमारवीं पुलिस थाना क्षेत्र के तहत कोटलू ब्राह्मणा गांव में अपनी बहू के साथ खेत में काम कर रहे एक बुजुर्ग के साथ दो पुरूष व दो महिलाओं द्वारा मारपीट की गई। पुलिस ने बुजुर्ग व्यक्ति की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज कर शिकायत में कहा कि 82 वर्षीय नूरदीन निवासी कोटलू ब्राह्मणा ने बताया कि गत 22 अक्तूबर को वह अपने खेत में अपनी बहू के साथ एंगल लगा रहा था। इस दौरान उनके पड़ोस में रहने वाले दो पुरुषों व दो महिलाओं ने उसकी बहू व उसके साथ मारपीट की। डीएसपी घुमारवीं चंद्रकांत सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

घागस में एनएसएस शिविर का समापन

बरमाणा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घागस में प्रधानाचार्य कमल शर्मा की अध्यक्षता में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अमरनाथ बंगा ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर अमरनाथ बंगा ने कहा कि एनएनएस के माध्यम से विद्यार्थियों में मिलकर काम करने की भावना का विकास होता है। सामान्य परिस्थितियों व आपदा वाली परिस्थितियों में भी राष्ट्रीय सेवा योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा करते हैं। अमरनाथ बंगा ने सात दिनों में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों का अवलोकन भी किया तथा इनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। वहीं, दस जमा दो की छात्रा अंकिता राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई घागस के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी विशेष अतिथि के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विजय पाल सिंह, महिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा शर्मा, एनएसएस गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।

बच्चों को फास्ट व जंक फूड से होने वाले नुकसान की जानकारी दी

जुखाला। रावमापा नम्होल, केंद्र प्राथमिक पाठशाला नम्होल, बहादुरपुर उच्च पाठशाला नम्होल, सरस्वती विद्या मंदिर उच्च पाठशाला के समस्त छात्र-छात्राओं एवं स्टाफसदस्यो को रियल जूस आवंटित किया व बच्चों को फास्ट व जंक फूड से होने वाले नुकसान की जानकारी दी तथा विद्यार्थियो को नित्य प्रति ताजा फल-सब्जियां व जूस लेने के लिए प्रेरित किया।

धारटटोह से अमर ठाकुर उपाध्यक्ष बने

बिलासपुर। बिलासपुर सदर भाजपा की बिलासपुर सदर मंडल कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। भाजपा सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर ने पार्टी के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान और सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करने के बाद अपनी टीम का ऐलान किया। पहले चरण में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। यहां पर यह जानकारी देते हुए सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर ने बताया कि धारटटोह से अमर ठाकुर, मल्यावर से लेखराम चंदेल, कुहमझवाड़ से सरवण उर्फ मजनू, चांदपुर से रजनीश ठाकुर, पंजगाईं से रविकांत शर्मा व पटेर से विकास भारद्वाज को उपाध्यक्ष, कुठेड़ा से ज्योति धीमान व बौहट कसोल से अशोक शर्मा को महामंत्री, कंदरौर से सदाराम ठाकुर को कोषाध्यक्ष, मैहरी काथला से अंजना शर्मा, बरमाणा से सीता धीमान, जिनणू से कुमारी मंजुला, चांदपुर से जोगेंद्र ठाकुर, कुहमझवाड़ से सूरज सोनी तथा हवाण से पवन ठाकुर को सचिव, नोग से संजीव डोगरा को कार्यालय सचिव, बामटा से कमलदेव शर्मा को कार्यालय सह सचिव, बिलासपुर शहर से नरेंद्र पंडित को मुख्य प्रवक्ता, चांदपुर से रामपाल ठाकुर व हरनोड़ा से सुभाष ठाकुर को प्रवक्ता, बिलासपुर शहर से भूपेश चंदेल को मीडिया प्रभारी तथा तरेड़ से नंदलाल व मानर बैरी से अनूप शर्मा उर्फबिट्टू को मीडिया सह प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

जिला में कल स्कूल खुले रहेंगे

सिंगल प्राथमिक व मिडल स्कूल रहेंगे बंद, वाल्मीकि जयंती के कारण हुआ बदलाव

हिमाचल दस्तक ▮ बिलासपुर

बिलासपुर में अब तक इतिहास में पहली बार रविवार 29 अक्तूबर को सरकारी एवं निजी स्कूलों में पढ़ाई होगी और स्कूल खुले रहेंगे। लेकिन जहां प्रारंभिक शिक्षा विभाग के तहत प्राथमिक व मिडल स्कूल सिंगल-सिंगल हैं। वहां पर यह विद्यालय शनिवार व रविवार को बंद रहेंगे।

जहां पर वरिष्ठ माध्यमिक व उच्च विद्यालयों के साथ छठी से 12 वीं तक कक्षाएं चल रही हैं, वहां पर रविवार को स्कूल खुले रहेंगे। हालांकि इससे पहले सरकार एवं शिक्षा विभागों के निर्देशों के मुताबिक 28 अक्तूबर शनिवार को वाल्मीकि जयंती पर शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई होनी थी। यहां पर वाल्मीकि समुदाय के लोग इस मसले पर उपायुक्त से मिले थे, जिस कारण इसमें बदलाव किया गया है। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने आपदा के दौरान बच्चों की पढ़ाई व पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए यह व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत शिक्षण संस्थानों में एक साथ दो राजपत्रित अवकाश नहीं हो सकते हैं। बिलासपुर जिले में अधिकतर सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में काफी संख्या में छठी से 12 वीं तक कक्षाएं एक साथ चलती हैं। उधर, इस मुद्दे पर अभिभावकों में भी रोष जताया जा रहा है।

"29 अक्तूबर को सरकारी एवं निजी स्कूलों में पढ़ाई होगी और स्कूल खुले रहेंगे। यह बदलाव वाल्मीकि जयंती के कारण किया गया है। क्योंकि प्रदेश सरकार व विभाग के निर्देशों के तहत शिक्षण संस्थानों में एक साथ दो राजपत्रित अवकाश नहीं हो सकते हैं।

-जेएस राव, उपनिदेशक उच्च शिक्षा, बिलासपुर।

ये है मसला

मौजूदा समय में प्राथमिक विद्यालय व मिडल स्कूल प्रारंभिक शिक्षा विभाग के तहत आते हैं, जिसके तहत सीएंडवी, जेबीटी व टीजीटी शिक्षक आते हैं। इनमें से सीएंडवी व टीजीटी छठी से दसवीं तक जबकि जेबीटी प्राथमिक स्कूलों में अध्यापन कार्य करते हैं। जबकि उच्च शिक्षा विभाग में उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल आते हैं।

"**प्रारंभिक** एवं उच्च निदेशालय में तालमेल की कमी है। जिले के अधिकतर शिक्षण संस्थानों में प्राथमिक, मिडल, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल एक ही परिसर में हैं। इस तरह के निर्णय सबके हितों को ध्यान को देखते हुए लिए जाने चाहिएं।

- रमेश शर्मा
प्रधान जिला प्राथमिक शिक्षक संघ, बिलासपुर।

"**जहां**-जहां प्रारंभिक शिक्षा विभाग के तहत प्राथमिक व मिडल स्कूल सिंगल- सिंगल हैं। वहां पर यह विद्यालय शनिवार को वाल्मीकि जयंती व रविवार को बंद रहेंगे। जहां पर वरिष्ठ माध्यमिक व उच्च विद्यालयों के साथ छठी से 12 वीं तक कक्षाएं एक साथ चल रही हैं। वहां पर केवल वाल्मीकि जयंती पर अवकाश रहेगा तथा 29 अक्तूबर को उन विद्यालयों में 6 से आठवीं तक कक्षाएं भी साथ मे चलेंगी। क्योंकि 6 नवंबर तक सरकार के आदेशों के तहत प्राथमिक व मिडल स्कूलों को आपदा के कारण लंबित पाठ्यक्रम पूरा हो जाएगा।

- बीडी शर्मा, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा, बिलासपुर।

विवाहिता ने अश्लील हरकतें व ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया

घुमारवीं। घुमारवीं पुलिस थाना क्षेत्र के तहत विवाहिता ने एक व्यक्ति पर अश्लील हरकतें एवं उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने पुलिस में दर्ज शिकायत में कहा कि आरोपी व्यक्ति उसे नाम बदलकर वीडियो कॉल करता था। उसे कई बार वीडियो कॉल न करने को कहा, लेकिन वह नहीं माना। गत 14 अक्तूबर को जब वह अपने काम से जा रही थी तो एक कार आकर रुकी और चालक ने उसे बैठने को कहा। इस पर उसने कार में लिफ्ट ले ली। कुछ दूरी पर आरोपी भी उस कार में बैठ गया। जब उसने कार से उतरने का प्रयास किया तो आरोपित ने उसे जबरदस्ती रोक लिया और दो घंटे कार में घुमाकर उससे अश्लील हरकतें करता रहा। उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपित ने उसका एक वीडियो भी बनाया है। उसे वीरवार को ही अपनी अश्लील वीडियो बनाने की बात पता चली। उधर, डीएसपी घुमारवीं चंद्रकांत सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आईपीसी की धारा 354 ए, 354 सी व 354 डी के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस ने मंडी-भराड़ी से चोरी दो ऑटो रिक्शा में से एक हरियाणा से किया बरामद

हिमाचल दस्तक ▮ बिलासपुर

बिलासपुर पुलिस ने गत चार अक्तूबर को फोरलेन के समीप स्थित मंडी-भराड़ी से चोरी हुए दो ऑटो रिक्शा में से एक को कैथल हरियाणा से बरामद कर लिया है तथा अब दूसरे ऑटो रिक्शा व आरोपी की तलाश में जुट गई है। अभी तक आरोपी का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार गत तीन अक्तूबर को राकेश व इंद्र निवासी मंडी-भराड़ी के दो सगे भाइयों ने अपना कामकाज निपटाकर दोनों ऑटो रिक्शा को फोरलेन के समीप खड़ा किया और घर चले गए। लेकिन चार अक्तूबर को उन्हें वहां पर ऑटो रिक्श नहीं मिले। उन्होंने ऑटो रिक्शा को सभी जगह तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चला। उन्होंने उसके बाद सदर थाना में शिकायत दर्ज करवाई। उधर, पुलिस भी इस चोरी के मामले पर पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ संपर्क में थी। गत वीरवार को बिलासपुर पुलिस को कैथल पुलिस हरियाणा से एक ऑटो सड़क के किनारे लावारिस हालत में खड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम कैथल हरियाणा रवाना हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ऑटो रिक्शा को बरामद कर लिया है तथा दूसरे की तलाश शुरू कर दी है। उधर, डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने गत चार अक्तूबर को फोरलेन के समीप स्थित मंडी-भराड़ी से चोरी हुए दो ऑटो रिक्शा में एक को कैथल हरियाणा से बरामद कर लिया है तथा अब दूसरे ऑटो रिक्शा व आरोपी की तलाश में जुट गई है।

▮ दूसरे ऑटो रिक्शा की तलाश जारी

चाय की दुकान से चार बोतल देसी शराब बरामद

श्रीनयना देवी। पुलिस चौकी ग्वालथाई की टीम ने एक चाय की दुकान से चार बोतल देसी शराब बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार गत सायं पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान जब पुलिस ग्वालथाई स्थित ट्रक यूनियन के कार्यालय के पास पहुंची तो पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि संबंधित चाय की दुकान में अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा किया जा रहा है। जहां पर पुलिस ने चार बोतल देसी शराब बरामद की। बाद में आरोपी की पहचान मदन लाल निवासी ग्वालथाई के रूप में हुई। उधर, डीएसपी नयनादेवी चंद्रकांत सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

भारत का भविष्य हमारी युवा पीढ़ी की सोच और उनके प्रदर्शन पर निर्भर : राजिंद्र गर्ग

हिमाचल दस्तक ▮ घुमारवीं

भारत का भविष्य हमारी युवा पीढ़ी की सोच और उनके प्रदर्शन पर निर्भर करत है। युवा वर्ग में अनोखी क्षमता होती है कि वह पूरी दुनिया को बदल सके। यह बात पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कही। वे घुमारवीं में आयोजित भाजपा युवा मोर्चा की नवनियुक्त कार्यकारणी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के मिलन समारोह में उपस्थित युवाओं को संबोधित कर रहे थे। गर्ग ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी जिम्मेदारियों को धैर्य, लगन और पूरे आत्मविश्वास के साथ निभाना चाहिए।

कार्यकारिणी का भी एलान किया

इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा घुमारवीं मंडल के अध्यक्ष अंकुश चंदेल ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, जिला व मंडल से चर्चा करने के बाद मंडल कार्यकारिणी का एलान किया है, जिसमें राकेश ठाकुर, सचिन, ओंकार चंद, विनय धीमान, कुलदीप सिंह, विशाल शामा, सूर्यांश भारद्वाज व लखबीर चंदेल को उपाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा सुशील परमार व करणवीर सिंह को महामंत्री, रवि कुमार, पंकज शर्मा, विवेक ठाकुर, अरूण कुमार, संदीप जसवाल, विजय पाठक, विशाल शर्मा व सतीश कुमार को सचिव, पंकज ठाकुर को कार्यालय सचिव, सौरभ व अजय शर्मा को सह कार्यालय सचिव, अंकुश व अरविंद शर्मा को प्रवक्ता, रोहित पटियाल, सुभाष चौहान व योगेश शर्मा को सह प्रवक्ता, निशांत चौहान को मीडिया प्रभारी व सूर्यांश को सह मीडिया प्रभारी, लखन सिंह को सोशल मीडिया प्रभारी, राजिंद्र राणा व अनीश को सह सोशल मीडिया प्रभारी, हर्ष वर्धन बॉबी को कोषाध्यक्ष, दिनेश चंदेल को सह कोषाध्यक्ष, अमित पटियाल को आईटी प्रभारी, निशांत व अखिल शर्मा को सह आईटी प्रभारी, लक्की चंदेल को शहरी इकाई अध्यक्ष, अनमोल शामा व निखिल को शहरी इकाई महामंत्री नियुक्त किया गया है। जबकि इसके अतिरिक्त मंडल कार्यकारिणी सदस्यों में राहुल पटियाल, उत्कर्ष, अरनव आदित्य सिंह, राज कुमार, लक्की, दीपक, अजय सांगल, अभिषेक, पंकज, सूरज भारद्वाज, साहिल भारद्वाज, रमन रतन, कपिल, संजय, विशाल, राजकुमार, अंशुल, विशाल शर्मा, आदर्श, वरूण, अश्वनी, रवि, अखिल, मानवीर, मनोज, पवन, आयुष, अखिलेश, अश्वनी, विनय, शुभम, तरूण, अनीश, विक्रम, विजय, संतोष, अवतार, विशाल, विनोद मेहता, अक्षय व मृदुल गर्ग को शामिल किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने इन्फ्लुएंजा से जुड़ी अन्य बीमारियों की रोकथाम को लेकर कसी कमर

एडवाइजरी की जारी, सभी मेडिकल ब्लॉकों में भेजीं दवाइयां

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बिलासपुर

बिलासपुर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सर्दियों के मौसम में इन्फ्लुएंजा से जुड़ी अन्य बीमारियों की रोकथाम को लेकर कमर कस ली है तथा इस संबंध में एडवाइजरी भी जारी की है ताकि लोग सर्दियों के मौसम में इन्फ्लुएंजा से जुड़ी अन्य बीमारियों के प्रति सचेत रह सकें व अपना बचाव कर सकें। सभी मेडिकल ब्लॉकों में दवाइयां भेज दी हैं। इस संबंध में अगर चिकित्सा विशेषज्ञों की मानें तो इन्फ्लुएंजा भी एक वायरस है जोकि कोरोना की तरह ही है।

सर्दियों के मौसम अथवा मौसम परिवर्तन के समय इस बीमारी के फैलने की संभावना अधिक रहती है। इसमें व्यक्ति को जुकाम, खांसी, गला खराब होना और तेज बुखार जैसे लक्षण होते हैं। ऐसे में विभाग द्वारा गंभीर लक्षण दिखने वाले व्यक्ति के सैंपल पीएचसी व सीएचसी स्तर पर टेस्ट की सुविधा का भी प्रबंध किया है तथा उसे लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक स्थित आरटीपीसीआर लैब में भेजने की व्यवस्था की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस बीमारी से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाई का प्रबंध कर लिया गया है।

इसके अतिरिक्त जिला में मौजूद वेंटिलेटर को भी सुचारू करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के तहत जिला में विन्न्रि चिकित्सा संस्थानों में स्थापित 45 वेंटिलेटर का विभाग द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है ताकि किसी भी आपात स्थिति में संबंधित व्यक्ति को इसमें रखा जा सके। बिलासपुर क्षेत्रीय अस्पताल में 22, सिविल अस्पताल घुमारवीं में 12, सीएचसी झंडूता में पांच, सीएचसी मार्कंड में चार व सीएचसी घवांडल में दो वेंटिलेटर उपलब्ध हैं।

▮ विभाग ने विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में स्थापित 45 वेंटिलेटर का किया निरीक्षण

लक्षण व बचाव

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार इस मौसम में यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, गले में खराश व और जुकाम की शिकायत हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच व टेस्ट करवाएं। फिर भी लक्षण पाए जाते हैं तो भीड़भाड़ वाली जगह जाने से बचें। इससे प्रभावित व्यक्ति को चिकित्सक की सलाह के अनुसार दवाई लेनी चाहिए।

"**बिलासपुर** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्दियों के मौसम में इन्फ्लुएंजा से जुड़ी अन्य बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। विभाग द्वारा सभी मेडिकल ब्लॉकों में पर्याप्त दवाइयां भेज दी हैं । वहां से इन दवाइयों को प्राथमिक चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से स्वयं भी एहतियात बरतने का आग्रह किया है।

- डॉ. प्रवीण चौधरी, सीएमओ, बिलासपुर।

शिव इंस्टिट्यूट चांदपुर में छात्राओं को हेल्थ व हाइजीन पर किया जागरूक

कंदरौर। शिवा इंस्टिट्यूट ऑफफार्मेसी चांदपुर में छात्राओं को हेल्थ और हाइजीन के प्रति जागरूक करवाने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता सोनिका गुप्ता ने कार्यक्रम शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। सोनिका गुप्ता ने छात्राओं को सैनिटरी पैड्स की आवश्यकता और उसकी महत्वता के बारे में जागरूक किया। इस सेमिनार में स्त्री रोगों से से संबंधित जानकारी भी छात्राओं के साथ साझा की गई। इस अवसर पर शिवा एजुकेशनल सोसायटी के प्रबंधक निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा और शिवा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉक्टर विनोद कुमार गौतम ने इस सेमिनार को छात्राओं के लिए बहुत ही लाभप्रद बताया।

घुमारवीं में कल जुटेंगे बिलासपुर हमीरपुर के भाजपा समर्थित बीडीसी

हिमाचल दस्तक ▮ बिलासपुर

आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा की ओर से ही जमीनी स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी के चलते घुमारवीं में 29 अक्तूबर को भाजपा समर्थित पंचायत समिति सदस्यों बीडीसी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हमीरपुर जिले के नादौन मंडल व बिलासपुर जिले के अप्पर श्रीनयना देवी मंडल को छोड़कर अन्य सभी मंडलों से करीब 125 सदस्यों के भाग लेने की संभावना है।

इस एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, पूर्व परिवहन मंत्री विक्रम ठाकुर व पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग द्वारा 125 पंचायत समिति सदस्यों को एक ओर जहां बीडीसी को उनके कामकाज को बेहतर ढंग से निपटाने के टिप्स दिए जाएंगे।

केंद्र सरकार की जन कल्याण की नीतियों एवं योजनाओं का लाभ किस तरह आम लोगों तक पहुंचे, इसके प्रति उन्हें टिप्स दिए जाएंगे। वहीं, भाजपा के संगठनात्मक दृष्टिकोण पर चर्चा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है ताकि बीडीसी सदस्य आने वाले लोकसभा चुनावों में केंद्र सरकार की नीतियों के प्रति लोगों को साथ जोड़ने व योजनाओ के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके। इस प्रशिक्षण शिविर में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बतौर मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत भाजपा द्वारा संगठनात्मक तौर पर विभिन्न बैठकें व गतिविधियां आयोजित हो चुकी हैं।

▮ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मुख्यअतिथि के रूप में करेंगे शिरकत

"**प्रदेश** भाजपा की ओर से 29 अक्तूबर को घुमारवीं में बिलासपुर एवं हमीरपुर जिले के भाजपा समर्थित बीडीसी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नादौन एवं श्रीनयना देवी अप्पर मंडल को छोड़कर अन्य मंडलों के लगभग 125 बीडीसी भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में एक ओर जहां बीडीसी को उनके कामकाज को बेहतर ढंग से निपटाने के टिप्स दिए जाएंगे। वहीं, केंद्र सरकार की जन कल्याण की नीतियों एवं योजनाओं का लाभ किस तरह आम लोगों तक पहुंचे, इसके प्रति उन्हें टिप्स दिए जाएंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

- राजिंद्र गर्ग, पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री एवं संचालन समिति प्रमुख।

शिविर में 38 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

बरठीं। चेतना संस्था विजयपुर में विशेष शिक्षा केंद्र के दिव्यांग बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 38 दिव्यांगजनों ने स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लिया। विशेष शिक्षा केंद्र की प्रधानाचार्य पूजा कुमारी की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गेहड़वीं के प्रभारी डॉक्टर मोहिनी महाजन ने दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य जांच की व उपयुक्त उपचार के लिए अवगत किया।

पीजी कॉलेज में हाइजीन विषय पर व्याख्यान



बिलासपुर। बिलासपुर पीजी कॉलेज में शुक्रवार को जेंडर इक्विटी क्लब के सौजन्य से मेंस्ट्रुअल हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर नीना वासुदेवा ने की। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य कंपनी की ओर से रीमा शर्मा तथा सुशीला कुमारी ने छात्रों को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता तथा सही तरीके से बायोडिग्रेडेबल सेनिटरी पैड के प्रयोग के बारे में जागरूक किया। जेंडर इक्विटी सेल की संयोजक डॉ. नम्रता पठानिया तथा सदस्य प्रो. नवेंदु बंसल, प्रो. अनुप्रिया ने भी छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के लिए जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर प्रेम सिंह कटवाल, प्रो. प्रेमजीत, प्रो. रितु विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अर्जुन बाबूता ने शूटिंग में झटका सिल्वर मेडल

बिलासपुर। कोरिया में चल रही एशियन रायफल चैंपियनशिप में भारत की टीम से शूटर अर्जुन बबूता ने सिल्वर मेडल हासिल करके भारत का नाम रोशन किया। अर्जुन बबूता को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला से संबंधित कोच दलीप सिंह चंदेल ने प्रशिक्षित किया है। दलीप सिंह चंदेल मूलतः बिलासपुर जिला के सलनु निवासी है और उनकी शिक्षा बरठीं स्कूल से हुई है। उन्होंने अर्जुन बबूता को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। बता दें कि इस समय कोरिया के चंगवान शहर में चल रही एशियन रायफल चैंपियनशिप में भारत की ओर से शूटिंग में अर्जुन बाबूता और तिलोत्तमां सेन ने सिल्वर मेडल हासिल किए हैं। जबकि भारत की अन्य टीमों ने गोल्ड मेडल और ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए हैं।

पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुना व समाधान करने का दिया आश्वासन

शाहतलाई में एसपी ने किया पुलिस थाने का निरीक्षण

हिमाचल दस्तक ▮ शाहतलाई

शाहतलाई में शुक्रवार को पुलिस थाना में पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना तलाई की प्रभारी इंस्पेक्टर अमिता चौधरी व उनके स्टाफ की कार्यशैली को सराहा। वहीं, उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को आ रही समस्याओं को सुना और शीघ्र ही समाधान कर का आश्वासन दिया।

यहां पर पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस का हमेशा प्रयास रहता है कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ - साथ नशा माफिया को जड़ से उखाड़ कर खत्म करना है। उन्होंने कहा कि नशे को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा तभी हम एक नशामुक्त परिवेश व समाज के निर्माण की कल्पना को साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशा एक धीमा जहर है। इतना ही नहीं बल्कि नशा एक ऐसा पदार्थ है जो व्यक्ति के सोचने, समझने की शक्ति को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के नशे को छोड़ने के लिए दवाई की जरूरत होती है बल्कि हिम्मत व आत्मविश्वास के सहयोग से नशे को आसानी से छोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं पर नशा करने वाले, नशा बेचने या फिर संदिग्ध व्यक्ति अपराधी के बारे सूचना मिले तो समय रहते पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते उक्त व्यक्ति को पकड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

▮ नशे को जड़ से खत्म करने के लिए समाज का हर नागरिक आगे आए

यातायात नियमों पर भी की चर्चा

एसपी ने यातायात नियमों पर चर्चा करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है, इसलिए यातायात नियमों का पूर्णतया पालन करें। उन्होंने कहा कि कि कुछ वाहन चालक अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए जल्दबाजी में यातायात नियमों का पालन नहीं करते। यही कारण है कि आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि चाहे सड़क पर वाहन का प्रयोग करना हो या फिर पैदल चलना हो। हर स्थिति में लोगों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाहन को नियंत्रित गति में ही चलाएं, कभी नशे में वाहन न चलाएं।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआईएनः L31901HP2009PLC031083 | टेलीफोन/फैक्सः +91 (1975) 272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइटः www.inoxwind.com

30 सितम्बर 2023 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्ध वर्ष हेतु अनअंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.09.2023 अनअंकेक्षित	समाप्त अर्द्ध वर्ष 30.09.2023 अनअंकेक्षित	समाप्त तिमाही 30.09.2022 अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	38,440	72,937	11,189
2.	कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि)	(2,814)	(8,950)	(13,291)
3.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात्)	(2,814)	(8,950)	(13,291)
4.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(2,923)	(9,238)	(12,931)
5.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [कर पश्चात् अवधि हेतु लाभ/(हानि) तथा कर पश्चात् अन्य व्यापक आय शामिल]	(2,567)	(9,071)	(13,345)
6.	संचित पुर्न मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त			
7.	प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक)	32,595	32,595	27,728
8.	प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर वार्षिकृत)			
	मूलभूत (रु. में)	(0.90)	(2.83)	(4.66)
	तरल (रु. में)	(0.90)	(2.83)	(4.66)

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा इसके पश्चात् 27 अक्टूबर 2023 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सी